# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 09.06.2026

**1.थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाले 02 अभियुक्त व चोरी का माल खरीदने वाला 01 सुनार गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, 03 लाख रुपये नकद, 04 मोबाइल फोन, 04 लैपटॉप, 03 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, चोरी में प्रयुक्त कार, ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का सरिया व 01 अवैध चाकू बरामद।**

**घटना का विवरण-- दिनांक 09.06.2026** को वादिनी द्वारा थाना सेक्टर-126 पर सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, 03 लाख रुपये नकद, 02 मोबाइल फोन एवं 01 लैपटॉप चोरी कर लिये गये है। उक्त सूचना के आधार पर थाना सेक्टर-126 पर मु0अ0सं0 94/2026 धारा 305/331(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार दिनांक 08.05.2026 को वादी द्वारा अज्ञात चोर के विरुद्ध घर से 02 लैपटॉप, 01 अमेजन किंडल एवं नकदी चोरी किये जाने के संबंध में सूचना दी गयी थी, जिसके आधार पर मु0अ0सं0 67/2026 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**कार्यवाही का विवरण--** उक्त घटनाओं के अनावरण हेतु स्थानीय पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के लगभग 50-60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया तथा तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों की पहचान की गयी। दिनांक 10.06.2026 को थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस टीम द्वारा गोपनीय सूचना की सहायता से उक्त चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त 1-शुभम उर्फ काकू 2-राहुल शर्मा 3-सचिन वर्मा (सुनार) को गढ़ी शाहपुर गांव के सामने पुश्ता रोड, सेक्टर-131 नोएडा के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ में अभियुक्त शुभम उर्फ काकू द्वारा बताया गया कि वह नशे का आदी है तथा पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है। वह दिन के समय ऐसे मकानों की रैकी करता था जिनमें ताला लगा होता था तथा मौका पाकर लोहे के सरिया से ताला तोड़कर घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। अभियुक्त द्वारा ग्राम बख्तावरपुर स्थित मकान में ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, 03 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन एवं लैपटॉप चोरी किये थे। इसी प्रकार एक अन्य चोरी की घटना में 02 लैपटॉप एवं अन्य सामान चोरी किया था। पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि अभियुक्त शुभम द्वारा चोरी की गयी ज्वैलरी का कुछ हिस्सा अपने जीजा राहुल शर्मा को दिया गया था। राहुल शर्मा द्वारा उक्त चोरी का माल अपने परिचित सुनार सचिन वर्मा को बेचने हेतु

दिया था। सुनार सचिन वर्मा द्वारा चोरी का माल होने की जानकारी होने के बावजूद लालचवश चोरी की चैन एवं अंगूठी को गलाकर बेच दिया गया तथा शेष चोरी की ज्वैलरी खरीदने का सौदा किया जा रहा था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. शुभम उर्फ काकू पुत्र नरेश शर्मा निवासी कृष्ण विहार नीलकंठ पुरम कॉलोनी, भोला रोड, थाना टीपी नगर, मेरठ, उम्र लगभग 38 वर्ष।
2. राहुल शर्मा पुत्र बृजभूषण शर्मा निवासी ग्राम चिरसी, थाना कासना, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 35 वर्ष।
3. सचिन वर्मा पुत्र राजेन्द्र वर्मा निवासी मंडी श्यामनगर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 28 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण--**

1. चोरी के आभूषण (01 जोड़ी पायल, 01 मंगलसूत्र, 01 चैन, 02 अंगूठी, 01 जोड़ी झुमकी)
2. 03 लाख रुपये नकद
3. 04 मोबाइल फोन
4. 04 लैपटॉप
5. 03 आधार कार्ड
6. 01 पैन कार्ड
7. चोरी में प्रयुक्त कार
8. ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का सरिया
9. 01 अवैध चाकू

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 94/2026 धारा 305/331(3)/317(2)/317(5) बीएनएस थाना सेक्टर-126 नोएडा।
2. मु0अ0सं0 67/2026 धारा 305/317(2)/317(5) बीएनएस थाना सेक्टर-126 नोएडा।
3. मु0अ0सं0 183/24 धारा 317(2),331(3)/305 BNS 3/25 arms act थाना देहलीगेट जनपद मेरठ बनाम शुभम।
4. मु0अ0सं0 416/15 धारा 317(2),331(3)/305 BNS 3/25 arms act थाना ट्रांसपोर्ट नगर, जनपद मेरठ बनाम शुभम।
5. मु0अ0सं0 564/19 धारा 3/25 Arms act थाना ट्रांसपोर्ट नगर, जनपद मेरठ बनाम शुभम।
6. मु0अ0सं0 213/22 धारा 380,411 BNS थाना ट्रांसपोर्ट नगर, जनपद मेरठ, बनाम शुभम।
7. मु0अ0सं0 307/22 धारा 380,411,457 BNS थाना ट्रांसपोर्ट नगर, जनपद मेरठ, बनाम शुभम।
8. मु0अ0सं0 1052/20 धारा 272,273 BNS 63 Excise थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ, बनाम शुभम।
9. मु0अ0सं0 41/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर बनाम शुभम।
10. मु0अ0सं0 202/2024 धारा 8/20 NDPS ACT थाना कासना, ग्रेटर नोएडा बनाम शुभम।

**2.थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल व 01 अवैध चाकू बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक 09.06.2026 को थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए दो पहिया वाहन चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 02 अभियुक्त 1.आकाश मसी पुत्र विजय मसी 2.नवीन पुत्र विनोद झा को बहलोलपुर अन्डरपास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल व 01 अवैध चाकू बरामद हुए है।

**घटनाक्रम का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह मिलकर नोएडा व एनसीआर क्षेत्र में रैकी करके ऐसे स्थान से मोटरसाइकिल चोरी करते थे, जहाँ पर सीसीटीवी कैमरें आदि न लगे हो व सुनसान स्थान हो। हम चोरी की मोटरसाइकिलों को कम कीमतों पर राह चलते लोगो को बेच देते थे, और जो पैसा मिलता है वह हम आपस में बाँट लेते थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. आकाश मसी पुत्र विजय मसी निवासी ग्राम क्याबली, थाना उगैती, जिला बदायूं वर्तमान पता ग्राम छिजारसी, थाना सेक्टर-63 नोएडा उम्र 24 वर्ष (शिक्षा –अनपढ़)
2. नवीन पुत्र विनोद झा निवासी ग्राम भगवानपुर, थाना भगवानपुर, जिला वैशाली, बिहार वर्तमान पता ग्राम छिजारसी, थाना सेक्टर-63 नोएडा उम्र 24 वर्ष (शिक्षा कक्षा-8)

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

**A.अभियुक्त आकाश--**

1. मु0अ0सं0 234/2026 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-63, नोएडा।
2. मु0अ0सं0 09640/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना तुगलक रोड, नई दिल्ली।
3. मु0अ0सं0 233/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा।
4. मु0अ0सं0 205/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा।
5. मु0अ0सं0 76/2023 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना उघेती, जिला बदांयू।
6. मु0अ0सं0 274/2024 धारा 380/411 भादवि0 थाना सेक्टर-63, नोएडा।
7. मु0अ0सं0 380/2025 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा।
8. मु0अ0सं0 630/2020 धारा 392/411 भादवि0 थाना सेक्टर-58, नोएडा।
9. मु0अ0सं0 718/2020 धारा 392/411 भादवि0 थाना फेस-3, नोएडा।
10. मु0अ0सं0 54/2021 धारा 392/411 भादवि0 थाना फेस-3, नोएडा।
11. मु0अ0सं0 68/2021 धारा 392/411 भादवि0 थाना फेस-3, नोएडा।
12. मु0अ0सं0 71/2021 धारा 411/414 भादवि0 थाना फेस-3, नोएडा।
13. मु0अ0सं0 73/2021 धारा 4/25 आयद्ध अधि0 थाना फेस-3, नोएडा।
14. मु0अ0सं0 579/2019 धारा 379/411 भादवि0 थाना खोड़ा, जिला गाजियाबाद।
15. मु0अ0सं0 588/2019 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 थाना खोड़ा, जिला गाजियाबाद।

**B.अभियुक्त नवीन--**

1. मु0अ0सं0 234/2026 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-63, नोएडा।
2. मु0अ0सं0 75/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना वेवसिटी, गाजियाबाद।
3. मु0अ0सं0 26/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना फेस-3, नोएडा।
4. मु0अ0सं0 493/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना फेस-3, नोएडा।
5. मु0अ0सं0 09640/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना तुगलक रोड़, नई दिल्ली।
6. मु0अ0सं0 233/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा।
7. मु0अ0सं0 205/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा।

**बरामदगी का विवरण--**

1. चोरी की 12 मोटरसाइकिल
2. 01 अवैध चाकू